प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

1 जुलाई 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक ने श्री केशवन रामचंद्रन को नए कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने श्री केशवन रामचंद्रन को 01 जुलाई 2025 से कार्यपालक निदेशक (ईडी) के रूप नियुक्त किया है।

ईडी के रूप में पदोन्नत होने से पहले, श्री केशवन रामचंद्रन जोखिम निगरानी विभाग में प्रधान मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।

श्री केशवन रामचंद्रन को मुद्रा प्रबंधन, बैंकिंग और गैर-बैंकिंग पर्यवेक्षण, प्रशिक्षण और प्रशासन से संबंधित क्षेत्रों का तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान रिज़र्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने पांच वर्ष से अधिक समय तक केनरा बैंक के बोर्ड में और दो वर्ष तक आईसीएआई के ऑडिटिंग और एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स बोर्ड में भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित सदस्य के रूप में कार्य किया।

कार्यपालक निदेशक के रूप में, श्री केशवन रामचंद्रन विनियमन विभाग (विवेकपूर्ण विनियमन प्रभाग) का कार्यभार संभालेंगे।

श्री केशवन रामचंद्रन बैंकिंग और वित्त में एमबीए के साथ स्नातकोत्तर हैं और उन्होंने एसीसीए, यूके से अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग में डिप्लोमा किया हुआ है। वे आईआईबीएफ़ के प्रमाणित एसोसिएट भी हैं।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/639